p>

Title: Demand for acceptance of proposed project for a canal stream from Hathni-Kund link channel-2 .

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): सभापति महोदय, मेरे कैराना लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत किसानों की बड़े लम्बे समय से मांग चली आ रही है । वहां वाटर लेवल बहुत नीचे पहुंच गया है और इसकी वजह से वहां लोग नहर की लगातार मांग करते रहे हैं ।

महोदय, हथिनीकुण्ड लिंक चैनल-2 परियोजना की परिकल्पना वर्ष 1994 में हुई थी, जिसके अन्तर्गत सन् 2002 में हथिनीकुण्ड लिंक चैनल द्वितीय की विस्तृत परियोजना तैयार करने के बाद उक्त परियोजना के द्वितीय चरण में मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत गंगोह को सम्मिलित किया गया था । लेकिन लगभग 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह परियोजना मूर्त रूप नहीं ले सकी है, जबकि इसके प्रस्तावित कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले जनपद सहारनपुर के ब्लॉक सरसावा, नकुड व गंगोह एवं जनपद शामली के ब्लॉक ऊन आदि क्षेत्र भूजल के अतिदोहन से प्रतिकूल रूप से प्रभावित रहे हैं ।

उक्त परियोजना वर्तमान में केन्द्रीय जल आयोग के अधीन लम्बित है । हथिनीकुण्ड लिंक चैनल-2 परियोजना का स्वीकृत होना अति आवश्यक है, जिससे किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो जाएगा और पैदावार भी अच्छी होगी ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि किसानों की लगातार मांग को दृष्टिगत रखते हुए इस गम्भीर समस्या को ध्यान में रखते हुए हथिनीकुण्ड लिंक चैनल-2 के नाम से निकलने वाली नहर की

प्रस्तावित परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दिलाने की कृपा करें।